भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
16.08.2012 को राज्य सभा में
पूछा जाने वाला अतारांकित प्रश्न संख्या : 629

कुडनकुलम इकाई का वाणिज्यिक प्रचालन

629. श्री डी. राजा:

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि कुडनकुलम की 3 और 4 इकाइयों के प्रारंभ होकर इस वर्ष अगस्त तक वाणिज्यिक प्रचालन शुरू कर देने की संभावना है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या स्थानीय लोगों द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं का समाधान कर लिया गया है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय
(श्री वी. नारायणसामी)

(क) तथा (ख) जी, नहीं। कुडनकुलम नाभिकीय विद्युत संयंत्र यूनिट 3 तथा 4 का निर्माण-कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है।

(ग) तथा (घ) केन्द्रीय सरकार द्वारा गठित प्रख्यात व्यक्तियों के एक विशेषज्ञ वर्ग ने स्थानीय लोगों द्वारा व्यक्त सभी चिंताओं का समाधान कर दिया है। परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) और न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के पास, ऐसी गलत आशंकाओं को दूर करने के लिए पब्लिक आउटरीच प्रयास करने हेतु एक समर्पित विंग है।

****